सार-समाचार

खेत में अवैध डिग्गी से पानी चोरी

जोधपुर, (कासं) । फलोदी जिला क्षेत्र से होकर निकलने वाली गुरु जंभेश्वर लिफ्ट कैनाल से खेतों में अवैध डिग्गियां बनाकर पानी चोरी करने का मामला सामने आया है। इंदिरा गांधी नहर परियोजना के सहायक अभियंता ललित कुमार ने तीन लोगों के खिलाफ बाप थाने में पानी चोरी करने और कर्मचारी के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। किसानों ने बताया कि पानी चोरी के कारण टेल एंड के किसानों को खेती के लिए पानी नहीं मिल रहा। पानी की चोरी लंबे समय से की जा रही है। जिसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से की थी। मामले में इंदिरा गांधी नहर परियोजना फलोदी सहायक अभियंता ने स्थानीय पुलिस को अवगत करवाया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकाश विश्नोई सहित कुल तीन जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिनो पहले मौके पर गए नहर विभाग के एईएन पृथ्वी सिंह व अन्य कर्मचारियों के साथ पानी चोरी करने वालों ने मारपीट भी की। अब रिपोर्ट पर बाप पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। बाप थानाधिकारी सुखराम विश्नोई ने बताया सहायक अभियंता की रिपोर्ट पर तीन जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले को लेकर जांच की जा रही है।

जुंजाणी में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

भीनमाल, (निसं)। जुंजाणी गांव में मंगलवार को जिला स्तरीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पंचायत समिति सदस्य हिम्मताराम सैन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार मानाराम पुरोहित ने की। पुरोहित ने बताया की हार जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। शुभारंभ समारोह का प्रथम मैच चौहटा क्लब जुंजाणी और रोपसी के बीच हुआ। रोपसी की टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। विशिष्ट अतिथि हेल्पिंग नेचर फाउंडेशन अध्यक्ष ओकेश बोस, सरपंच उदयवीर सिंह भाटी, दीपक कुमार पुरोहित, हीरालाल सोनी, बजरंग दल शहर अध्यक्ष हितेश कौशिक भायंदर, राजेश सोनी, जीतू सिंह देवडा, राणाराम देवासी, नरपत पुरोहित, सांवलाराम, मुकेश प्रजापत, केतन पुरोहित, हरसन पुरोहित, झालाराम पुरोहित, स्कोरिंग की भूमिका भूपेंद्र दवे ने की। मंच संचालन एडवोकेट दीपक कुमार पुरोहित ने किया। कमेंट्री की भूमिका रेवाराम सैन, हरीश दर्जी ने की। रूपेश पुरोहित, सादा राम प्रजापत, घेवाराम देवासी, प्रभुजी पुरोहित, पारसाराम, प्रवीन राठौड उपस्थित रहे।

मोहम्मद अनवर कर्नाटक में दौड़ेगा

पोकरण, (निसं)। पोकरण विधानसभा क्षेत्र के गोमट गांव निवासी मोहम्मद अनवर पुत्र उम्मेद खान का 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड में मेवाड़ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया गया। मोहम्मद अनवर 19 नवम्बर को कर्नाटक के मंगलौर में मेवाड विश्वविद्यालय का नेतृत्व करेंगें। मेवाड विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एच ओडी शांति लाल ने बताया कि युवक खान राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने के लिए काफी लम्बे समय से तैयारी कर रहा है। मोहम्मद अनवर कीलगन यूनिवर्सिटी में प्रथम रैंक प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत व लगन पर इनके गुरु एच ओडी शांतिलाल संगीत प्रोफेसर, हरि ओम लेफ्टिनेंट ,ताबीज खान ने उज्जवल भविष्य की कामना की, मोहम्मद अनवर ने बताया में मेरी सफलता का श्रेय मेरे नाना को देता हुं, मेरे नाना 17 ग्रेनेडियर्स से रिटायर्ड हवलदार फौजी जमालुदीन इन्होने मुझे बचपन से एथेलेटिक्स के प्रति उत्साहित किया। उन्होंने अपने साथ अपनी ढलती उम्र में साथ दौड करवाते थे। आज मेरे नानाजी का सपना पूरा किया।

जाप व मंगल भावना के कार्यक्रमों की धूम

जोधपुर, (कासं) । खेरादियो का बास स्थित श्री राजेन्द्र सूरि जैन त्रिस्तुतिक संघ भवन में साध्वी कारुण्य लता, वीतराग लता,शत्रुंजय लता, समत्व लता म.सा. का चातुर्मास पूर्णाहुति की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर आज तीन दिवसीय श्राविका संस्कार शिविर का समापन हुआ। शिविर सहयोगी मंजु बोहरा व वीणा गांधी ने बताया कि शिविर में श्राविकाओं को छः आरा का वर्णन, कायोत्सर्ग का स्वरूप, गोदोहिका आसन, ब्रह्मचर्य स्वरूप, समाधि, जिन शासन के प्रति अपना कर्तव्य, साधर्मिक भक्ति, संतानो को संस्कार विषय पर प्रवचन ओर उस पर प्रश्न ओर ज़वाब के साथ नौ घण्टे परिचर्चा की गई । शिविर में 32 श्राविकाओ ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। संघ अध्यक्ष पारस पोरवाल ने बताया कि 13 नवम्बर को मांगलिक जाप के साथ के साथ सामूहिक सामायिक एवं 14 नवम्बर को प्रवचन के बाद सकल संघ की ओर से साध्वी समुदाय के लिये मंगल भावना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।संघ सचिव हीराचंद भंडारी ने बताया कि साध्वी मंडल श्री संघ के साथ राजेन्द्र भवन से 15 नवंबर को प्रातः 6 बजे स्थान परिवर्तन कर अमर नगर स्थित श्री संभव नाथ राजेन्द्र जैन मंदिर विहार करेंगे।

शिविर में 195 मरीजों की राहत दी

भीनमाल, (निसं)। स्थानीय खारी रोड़ पर स्थित एक निजी डेन्टल क्लिनिक में आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क जांच शिविर में 195 रोगियों को राहत के साथ निःशुल्क दवाईयां भी दी गई। क्लिनिक के संचालक डॉ सुरेश सुन्देशा ने बताया कि एक दिवसीय निःशुल्क जांच शिविर में डॉ हितेश सोनी जोधपुर तथा डॉ अंकित पटेल अहमदाबाद ने भी सेवाएं दी। इस अवसर पर टेढे मेढे दांतों को सीधा करने, मसूडों से खून आना, मुंह से बदबू आना, नए दांत व बत्तीसी लगाने, मुंह के कैंसर की प्रारंभिक जांच, दांतो में ठंडा गर्म लगना या मुंह का कम खुलना आदि की जांच कर रोगियों को राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर सुनिल विश्नोई, मयूर शर्मा, विजय सुन्देशा, कृष्ण पारंगी, पोपटलाल टी काले सहित कई लोगों ने सेवाएं दी।

अवैध गैस रिफ्लिंग प्लांट पकड़ा

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर में चल रहे अवैध गैस रिफ्लिंग प्लांट को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने वहां एक युवक को गैस की टंकियों से खाली गैस में ट्रांसफर करते रंगे हाथों पकड़ा है। जिसके बाद रसद विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई और मौके पर बुलाया गया है। पुलिस ने वहां से गैस की टंकियों को जब्त किया है। साथ ही रसद विभाग आगे की कार्रवाई कर रही है। प्रताप नगर सदर थाने एसआई देवाराम ने बताया कि मंगलवार को वह थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान वीआईपी कॉलोनी के एक प्लाट में गैस टंकियों से अवैध रिफिलिंगकी सूचना मिली थी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक खाली टंकी में गैस भरता नजर आ। पुलिस ने मौके से संचालक हंसाराम पटेल को गिरफ्तार किया। साथ ही वहां से गैस की टंकी, रिफिलिंग के पाइप व इलेक्ट्रॉनिक काटा जब्त किया है। पुलिस ने इस संबंध में रसद विभाग को भी सूचना दी। मौके पर पहुंचे रसद विभाग के अधिकारियों ने विभागीय कार्रवाई शुरू की है।

टैंकर की चपेट से बाइक सवार की मौत

जोधपुर, (कासं) । शहर के कालवी प्याउ के पास में एक टैंकर चालक की लापरवाही से बाइक सवार युवक की जान चली गई। इस बारे में उसके भाई की तरफ से रातानाडा थाने में अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द कर दिया। रातानाडा पुलिस ने बताया कि मामले में पीपाड़ शहर के अबकाई की ढाणी निवासी रामनिवास की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि उसका भाई टीकूराम अपनी बाइक पर सवार होकर एयरपोर्ट से होते हुए बीजेएस की तरफ जा रहा था। तब कालवी प्याउ के नजदीक किसी टैंकर चालक ने उसकी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई टीकूराम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। रातानाडा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

अटल जन सेवा शिविर कल

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 14 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक अथवा जनसुनवाई पूर्ण होने तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर गुरूवार को शिविर में आमजन की परिवेदनाओं व सम्सयाओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जायेगा।

मेजर शैतानसिंह सर्किल पर समारोह

जोधपुर, (कासं) । शहीद दिवस सोमवार, 18 नवंबर को प्रातः 9.30 बजे पावटा स्थित परमवीर चक्र मेजर शैतानसिंह सर्किल पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित होगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी जोधपुर कर्नल दलीपसिंह खंगारोत (से.नि.) ने सेना के समस्त सेवा निवृत सेनाधिकारियों एवं गौरव सैनिकों से इस अवसर पर आकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का निवेदन किया है।

डॉ. प्रतिभा ने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिह ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

- डॉ.सिंह ने प्रचार-प्रसार कर मतदाता को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये

पाली, (नि.सं.)। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिह ने मंगलवार को (रोल पर्यवेक्षक), विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जैतारण-116 में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने भाग संख्या 129 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (बायां भाग) जैतारण, भाग संख्या'130 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय(हॉल में) जैतारण, भाग संख्या-131 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (दायां भाग) जैतारण, भाग संख्या-132 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (हॉल का बांया भाग) जैतारण एवं भाग संख्या - 133 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (कार्यालय का बांया कमरा) जैतारण का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर पुनरीक्षण कार्यक्रम में किये जा रहे कार्य एवं प्रगति की जानकारी ली। निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों की अक्षरशः पालना के निर्देश संबंधित कर्मचारियों/अधिकारियों को दिये गये। अवगत कराया गया कि विधानसभा जैतारण में कुल मतदाता 311037 है, जिनमें से पुरूष मतदाता 160544 व महिला मतदाता 150488 तथा ट्रांसजेण्डर 03 है।

उन्होंने साथ ही, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2025 के तहत किये जाने वाले कार्यों का जायजा लिया गया व निरीक्षण के वक्त साथ रहे सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी(उपखण्ड अधिकारी) जैतारण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को संभागीय आयुक्त द्वारा उक्त कार्यक्रम का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर शत् प्रतिशत मतदाताओं को लाभ पहुंचाने के निर्देश प्रदान किये गये। संभागीय आयुक्त द्वारा ईआरओ को निर्देशित किया गया कि अंतिम प्रारूप प्रकाशन से पूर्व प्राप्त समस्त फार्म नं. 6, 7 एवं 8 का नियमानुसार निस्तारण बी.एल.ओं. के स्तर किया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोजत-117 में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2025 के तहत भाग संख्या-90 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (बायां भाग) चण्डावल नगर, भाग संख्या-91 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय(दांया भाग) सोजत का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर पुनरीक्षण कार्यक्रम में किये जा रहे कार्य एवं प्रगति की जानकारी ली तथा निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों की अक्षरशः पालना के निर्देश संबंधित कर्मचारियों/अधिकारियों को दिये गये। अवगत कराया गया कि विधानसभा सोजत में कुल मतदाता 249092 है, जिनमें से पुरूष मतदाता 127219 व महिला मतदाता 121866 तथा ट्रांसजेण्डर 07 है।

उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2025 के तहत किये जाने वाले कार्यों का जायजा लिया व निरीक्षण के वक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी(उपखण्ड अधिकारी) सोजत एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को उनके द्वारा कार्यक्रम का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर शत् प्रतिशत मतदाताओं को लाभ पहुंचाने के निर्देश प्रदान किये गये। संभागीय आयुक्त ने ईआरओ को निर्देशित किया कि अंतिम प्रारूप प्रकाशन से पूर्व प्राप्त समस्त फार्म नं. 6, 7 एवं 8 का नियमानुसार निस्तारण बी.एल.ओं. के स्तर किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने आज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मारवाड. जंक्शन-119 में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2025 के तहत भाग संख्या-11 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (बायां भाग) दुदौड, भाग संख्या-12 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (दायां भाग) दुदौड, भाग संख्या-13 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (मध्य भाग) दुदौड का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर पुनरीक्षण कार्यक्रम में किये जा रहे कार्य एवं प्रगति की जानकारी ली तथा निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों की अक्षरशः पालना के निर्देश संबंधित कर्मचारियों/अधिकारियों को दिये गये।

उन्होंने बताया कि विधानसभा मारवाड. जंक्शन में कुल मतदाता 298802 है, पुरूष 155629 व महिला मतदाता 143168 तथा ट्रांसजेण्डर 05 है। साथ ही, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2025 के तहत किये जाने वाले कार्यों का जायजा लिया गया व निरीक्षण के वक्त साथ रहे सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) मारवाड. जंक्शन एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को संभागीय आयुक्त ने कार्यक्रम का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर शत् प्रतिशत मतदाताओं को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये।

पारले नाम से फर्जी प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी पकड़ी

जोधपुर, (कासं) । शहर में फर्जी पारले प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी का पर्दाफाश किया गया है। पंकज कन्फेक्शनरी नामक कंपनी में पारले प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की चॉकलेट्स के नाम और लोगो की नकल करके नकली चॉकलेट बनाई जा रही थी। यह कंपनी पारले प्रोडक्ट्स के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क और कॉपीराइट स्टाइल की हूबहू नकल कर चॉकलेट्स बाजार में बेच रही थी, जो बच्चों के बीच बेहद लोकप्रिय व प्रसिद्ध चॉकलेट्स की डुप्लीकेसी है।

पारले प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की कानूनी सलाहकार फर्म नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन और विजय सोनी द्वारा इस मामले में कार्रवाई करवाई गई है। कंपनी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जोधपुर में बोरानाडा में एठो फूड पार्क के पास स्थित पंकज कन्फेक्शनरी कंपनी पारले प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रसिद्ध ब्रांड नेम और लोगो की नकल करके नकली चॉकलेट्स बना रही है। नकली उत्पादों की पैकेजिंग और डिज़ाइन पारले प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के ट्रेडमार्क से मिलती-जुलती थी, जिससे उपभोक्ताओं को धोखा मिल रहा था। इसके बाद पारले प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली वाणिज्यिक न्यायालय में नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ताओं द्वारा वाद दायर किया। न्यायालय द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर श्याम स्वरूप गौड़ ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से पंकज कन्फेक्शनरी के परिसर पर छापा मारा और बड़ी मात्रा में नकली चॉकलेट्स जब्त की। जांच में पाया गया कि चॉकलेट्स पारले प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क और कॉपीराइट का उल्लंघन करते हुए बेची जा रही थी।

जे.डी.ए. ने सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाए

जे.डी.ए. ने शताब्दी सर्किल के पास एवं विवेक विहार योजना में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाए।

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जोनवार अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर निरन्तर कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को शताब्दी सर्किल के पास एवं विवेक विहार योजना में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से किए गए अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया।

पुलिस निरीक्षक जोगेन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि शताब्दी सर्किल के पास जवाई नहर एसएसडब्ल्यू केनाल के किनारे, बस स्टेण्ड की प्रस्तावित भूमि एवं विवेक विहार योजना में सरकारी भूमि पर विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से डेरे, तंबू, झोपडियाँ इत्यादि बनाकर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया, साथ ही अतिक्रर्मियों को अविलम्ब उक्त अवैध अतिक्रमणों को हटाने के लिए सख्त हिदायत दी गई। मौका निरीक्षण के दौरान विवेक विहार योजना में अस्पताल के लिए आरक्षित भूमि से अवैध खनन की शिकायत मिलने पर जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अवैध खनन की रोकथाम के लिए शिफ्टवाइज होमगार्ड वॉलेंटियर्स की ड्यूटी मौके पर लगाई गई। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन निरीक्षक अनिल शर्मा, जेडीए हल्का पटवारी भूराराम गुजर मय जेडीए दस्ता मौजूद रहे।

जापान के दल ने पंचकर्म एक्सीलेंस सेंटर देखा

जोधपुर, (कासं) । डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो.(वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति से जापान से आए अतिथियों का स्वागत किया। कल्टीवेटर निदेशक तरुण प्रजापति ने दिसंबर माह मे होने वाले इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस (औषध मानकम) के बारे मे चर्चा की।

साथ ही जापानी प्रतिनिधियों के दल ने पंचकर्म सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस जोधपुर का दौरा किया। पंचकर्म सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के प्रभारी एवं पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ ज्ञानप्रकाश शर्मा ने सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस में होने वाले पंचकर्म प्रक्रियाओं जैसे शिरोधारा, कटि बस्ति, जानुधारा,वाष्प स्वेदन,सोनाबाथ स्वेदनएवं अवगाह स्वेदन विधाओं की रोगियों पर प्रैक्टिकल एप्रोच के साथ जानकारी दी। सेन्टर ऑफ एक्सीलेंसी की विजिटर गैलरी तथा एक्सीलेंसी के सम्पूर्ण पुरुष एवं स्त्री थैरेपी पंचकर्म कक्ष की विजिट करवायी। विभागाध्यक्ष एवं पूर्व कुलसचिव प्रोफेसर गोविंद सहाय शुक्ला, संजीवनी चिकित्सालय अधीक्षक प्रोफेसर गोविंद प्रसाद गुप्ता, पंचकर्म विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अचलाराम कुमावत, डॉ. गौरीशंकर राजपुरोहित ,पी. जी. अध्येता एवं पंचकर्म थेरेपिस्ट उपस्थित रहे।

न्यायाधीश भाटी ने कारागृह पाली का निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा आज जिला कारागृह, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 92 बन्दी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले।

भाटी द्वारा कारागृहों में निरूद्ध सभी बंदियों से भोजन, चिकित्सीय सुविधाओं, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध मे जानकारी ली गई। कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इस हेतु प्राधिकरण सचिव विक्रम सिंह भाटी द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। सचिव भाटी द्वारा कारागृह में साफ-सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखनेको लेकर निर्देशित किया गया। बंदियों ने कारागृह की व्यवस्थाएं सही बताई।

इसके अतिरिक्त जिला कारागृह पर संचालित विधिक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान विधिक सेवा केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं एवं संसाधनों की जानकारी ली गई तथा रजिस्टरों का अवलोकन करने के साथ यह निर्देश दिए कि विधिक सेवा केन्द्र में नियुक्त पीएलवी एवं जेल विजिटिंग लॉयर द्वारा किसी भी बंदी के अधिवक्ता नहीं होने की स्थिति में विधिक सहायता आवेदन पत्र भरवाकर सीधे ही प्राधिकरण को प्रेषित किए जाए ताकि बंदी को प्राधिकरण द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जा सके।

साथ ही विधिक सेवा केन्द्र में बंदियों का डाटा कम्प्यूटर में संधारित किए जाने के साथ-साथ रजिस्टर में भी संधारित करने एवं समय-समय पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। डिस्पेन्सरी में ओपीडी के समय में मरीज बन्दीगण की जांच एवं दवाई वितरण किया जाता है।

इमरजेन्सी होने पर दूरभाष पर संपर्क करने पर कारागृह में चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करवा दी जाती है एवं विशेष परिस्थिति में बन्दी मरीज को राजकीय बांगड़ अस्पताल पाली में रैफर किया जाता है। निरीक्षण के समय जोराराम कारापाल, जिला कारागृह पाली, डॉ इमरान खिलेरी चिकित्सक, वैशाली व्यास सहायक चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसलर आदि उपस्थित रहे।

परिवार के लोग रात को गए, चोर माल ले गए

जोधपुर, (कासं) । मथानिया स्थित तिंवरी कस्बे में एक घर में चोरी हो गई। परिवार के लोग रविवार की रात को दीया धूप कर निकले थे। सोमवार की सुबह आए तो चोरी का पता लगा। अज्ञात चोर घर से लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर गए। परिवार के सदस्य की तरफ से मथानिया थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने इसमें अब अग्रिम पड़ताल आरंभ की है।

मथानिया पुलिस ने बताया कि पुराना जैन मंदिर हनुमान चौक तिंवरी निवासी नरेंद्र पुत्र मांगीलाल शर्मा की तरफ से रिपोर्ट दी गई।

इसमें बताया कि वह पिछले एक माह से अपने नए मकान आदर्श स्कूल पर निवास कर रहे है। तिंवरी में यह उनका पुश्तैनी मकान है जोकि बंद ही रहता है और दीया धूप करने के लिए परिवार आता जाता है। रविवार की रात यह लोग पुश्तैनी मकान पर आए और दीयाधूप कर निकल गए।

सोमवार की सुबह फिर लौटे तो चोरी का पता लगा। चोरों ने मुख्य फाटक का ताला तोड़ने के साथ दरवाजें और बक्सों के ताले तोड़ दिए। वहां से चोरों ने कानों की आधा तोला टोप्स जोड़ी, एक तोला की चेन, दस नग फिणियां आधा तोला, कानों की झूमर जोड़ी एक तोला, चांदी का कंदोरा 40 तोला, दो पायजेब जोड़ी 60 तोला, चांदी के कटोरी चम्मच 5 तोला, चांदी के 40 सिक्कें 40 तोला, बिछियां जोड़ी 15 एवं पांच अंगुठियों के साथ 15 हजार की नगदी चुरा ले गए। मथानिया पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब चोरों की तलाश आरंभ की है।

मंत्री जोगाराम पटेल आज जोधपुर आएंगे

जोधपुर, (कासं) । संसदीय कार्य,विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल 13 नवंबर,बुधवार को प्रातः 10.40 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।वे प्रातः 10.50 बजे एयरपोर्ट से प्रस्थान कर 11.05 बजे सर्किट हाऊस पहुंचेंगे।

पटेल प्रातः 11.45 बजे से सायं 5.30 बजे तक विधानसभा क्षेत्र लूणी में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। वे सायं 6.30 बजे सर्किट हाऊस पहुंचकर रात्रि विश्राम सर्किट हाऊस में करेंगे। पटेल 14 नवंबर को प्रातः 10 बजे सर्किट हाऊस से प्रस्थान कर प्रातः10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक विधानसभा क्षेत्र लूणी में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

दाधीच समाज का स्नेह मिलन समारोह संपन्न

जालोर के हल्देश्वर महादेव मठ में दाधीच समाज का स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। दाधीच समाज जालोर की ओर से हल्देश्वर महादेव मंदिर में जिला स्तरीय समारोह एवं स्नेह मिलन समारोह संपन्न हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय दाधीच ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तथा विप्र फाउंडेशन के नवीन जोशी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष गोपाल जोशी एवं कोषाध्यक्ष जगदीश ने बताया कि समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने दधिमती की तस्वीर दीप प्रज्जवलित करने के साथ किया। तत्पश्चात सामाजिक विकास के मुद्दों पर चर्चा एवं भजन कलाकार पिंकी द्वारा भजन संध्या तथा 108 दीपों की आरती का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए विप्र फाउंडेशन के नवीन जोशी ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हुए दधीचि के सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचाना हम सबका दायित्व एवं कर्तव्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दाधीच ने अपने उद्बोधन में समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता रखने की बात कही।

इस अवसर पर पोखरमल दाधीच विवेक दाधीच रूपनारायण दाधीच पंकज दाधीच सहित बडी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

पांच वर्ष से छोटे बच्चों के लिए सांस अभियान 28 फरवरी तक चलेगा

बालोतरा, (नि.सं.)। देश में 0-5 वर्ष से छोटे बच्चों में निमोनिया एवं उससे होने वाली जटिलता, बच्चों में होने वाली मृत्यु का 14 प्रतिशत केस में एक मुख्य कारण है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी ने बताया कि बच्चों में निमोनिया सुरक्षा में 06 महीने तक विशेष स्तनपान, पर्याप्त पोषण, रोकथाम हेतु पूर्ण टीकाकरण, प्रदूषण मुक्त वातावरण और उपचार के तहत 24 घंटे के भीतर स्वास्थ्य सेवा के साथ एमोक्सिसिलिन के साथ इलाज करें। सांस अभियान के तहत निमोनिया को बेअसर करने के लिए सामाजिक जागरूकता के लिए 12 नवम्बर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जायेगा। अभियान के दौरान निमोनिया नहीं तो बचपन सही थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। यह अभियान 12 नवंबर 2024 (विश्व निमोनिया दिवस) से 28 फरवरी 2025 तक सांस अभियान संचालित होगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान समस्त 5 वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों की निमोनिया हेतु स्क्रिनिंग किया जायेगा। जिले में एएनएमटीसी अथवा जीएनएमटीसी में निमोनिया/ सांस से संबंधित प्रशिक्षण क लिए स्थापित स्किल लेब क्रियाशील किये जायेंगे। आरसीएचओ द्वारा स्वयं स्किल लैब की विजिट करते हुए वहा सभी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों व नर्सिंग अधिकारियों का निमोनिया स्किल लैब के माध्यम से प्रशिक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिये कि समस्त चिकित्सा संस्थानों, हैल्थ एण्ड वेलनेस केंद्रों व आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा मुख्य स्थानों पर बच्चों में निमोनिया के लिए आईईसी को प्रदर्शित करें। प्रत्येक आशा को समुचित मात्रा में अमोक्सिसिल्लिन सिरप एवं प्रत्येक एएनएम एवं सीएचओ को इंजेक्शन जेंटामाइसिन एवं अमोक्सिसिल्लिन सिरप की समुचित मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होने आशाओं व एएनएम को प्रत्येक ब्लॉक व सेक्टर बैठकों द्वारा बच्चों में निमोनिया के लक्षण की पहचान को लेकर आमुखीकरण के निर्देश दिये।

चांडक अध्यक्ष बने

जैसलमेर (नि.सं.)। श्री माहेश्वरी सेवा सदन ट्रस्ट की प्रबंध कार्यकारिणी कार्यकाल बारह के चुनाव मंगलवार को चुनाव अधिकारी श्रीवल्लभ कपूरिया व पवनकुमार सुदा की देखरेख में हुए। चुनाव अधिकारी श्रीवल्लभ कपूरिया व पवनकुमार सुदा के अनुसार सत्यनारायण चांडक अध्यक्ष, घनश्यामदास केला उपाध्यक्ष. ठाकुरदास सांवल मंत्री, पुरुषोतम मालपानी कोषाध्यक्ष एवं बृजमोहन सांवल सहमंत्री चुन गए गये।